इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, रविवार, 13 जुलाई 2025

वर्ष 17 अंक 307 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12+4

जो व्यक्ति भी विकास के लिए खड़ा है उसे हर एक रूढ़िवादी चीज की आलोचना करनी होगी , उसमे अविश्वास करना होगा तथा उसे चुनौती देनी होगी।

-भगत सिंह

तापमान - अधिकतम 33.7°C (-0.4) न्यूनतम 25.0°C(-0.9) सेंसेक्स 82,500.47 (-689.81) निफ्टी 25,149.85 (-205.40) सोना 99,860 चांदी 1,15,000 मुद्रा - डालर 85.80 दिरहम 23.36 रियाल 22.88

विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

एराज मेडिकल कॉलेज

लखनऊ (सं)। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जनसंख्या से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम युवाओं को एक निष्पक्ष और आशावान दुनिया में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना रही, जिसका उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें उनके भविष्य के फैसलों में सक्षम बनाना रहा।

नर्सिंग अधीक्षिका डॉ. अंजलाक्षी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सकों और फैकल्टी सदस्यों के संबोधन से हुई। वक्ताओं ने जनसंख्या वृद्धि से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों, जैसे स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, लैंगिक असमानता, शिक्षा, आर्थिक असुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और युवाओं के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की।

बताया कि 2025 में वैश्विक जनसंख्या 8 अरब के करीब पहुंच चुकी है, ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि हम जनसांख्यिकीय परिवर्तनों को समझें और उसकी दिशा में समुचित कदम उठाएं। युवाओं को अपने जीवन के निर्णय लेने में स्वतंत्रता, जानकारी और संसाधनों की पहुँच मिलनी चाहिए, जिससे वे अपने मनचाहे परिवार का निर्माण और जीवन की दिशा तय कर सकें। वक्ताओं ने 1994 में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भी उल्लेख किया, जिसमें यह वादा किया गया था कि हर व्यक्ति को अपने जीवन के बारे में सूचित निर्णय लेने का अधिकार है। उसी विचार को सशक्त करते हुए इस वर्ष की थीम रखी गई है। कार्यक्रम में मेडिकल छात्रों, नर्सिंग स्टाफ और फैकल्टी ने भाग लिया और युवाओं में जनसंख्या विषयक शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और प्रजनन अधिकारों को लेकर जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। पोस्टर प्रदर्शनी, स्लोगन लेखन और क्विज प्रतियोगिता जैसे कई गतिविधियां भी आयोजित की गईं।